AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : अदालती दुनिया से रूबरू हुए विधि के छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

विधि संकाय में तीन दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर के विधि संकाय में शुक्रवार को तीन दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

लविवि में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि। -संवाद

पहले दिन विधि छात्रों ने रिसर्च टेस्ट, ड्रा ऑफ लॉट व मेमोरियल एक्सचेंज जैसी कार्यवाहियां देखकर लाइव कोर्ट रूम का अनुभव लिया। यह समझा कि कोर्ट में कैसे वाद प्रस्तुत होते हैं और जज उनपर कैसे सुनवाई करते हैं। आयोजक डॉ. राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 38 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें शनिवार को क्वार्टर फाइनल व सेमिफाइनल की टीमें चुनी जाएंगी। फाइनल में पहुंची टीमें मूट कोर्ट में भाग लेंगी।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधि आयोग के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने चतुर्थ राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए छात्रों से अदालत में लंबित मामलों के बारे में चर्चा की।

इस दौरान उन्हें विभिन्न वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ ही समाज के गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए सुझाव दिए। विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल सूर्यभान पांडेय ने छात्रों को कानून की बारीकियां समझाते हुए सभी को न्याय मिले इस दिशा में काम करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह व प्रो. राकेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

उद्यमिता में छिपा देश की आर्थिक समस्याओं का समाधान : वीसी

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि उद्यमिता में देश की सभी आर्थिक समस्याओं का समाधान छिपा है। छात्र आगे आकर अपनी संस्थाएं स्थापित करें और रोजगार पैदा करने वाले बनें। वह विवि के एपीसेन सभागार में शुक्रवार को एमकॉम और एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित संवाद सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने वाणिज्य विभाग की ओर होनहार छात्रों के लिए शुरू की गई निशुल्क नेट जेआरएफ कोचिंग सुपर-30 के 3.0 लोगो का अनावरण भी किया। उन्होंने छात्रों से भारत लैब की 'टाइम किल एंड टाइम फिल' नामक स्टडी से प्रेरणा लेने को कहा। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने विद्यार्थियों से कहा कि वह अपने शिक्षकों पर विश्वास रखेंगे तो वह आपका जीवन बदल देंगे। उन्होंने छात्रों को आत्म-अनुशासित, स्वयं प्रेरित और स्वयं संवेदनशील होने के लिए कहा। डीन सीडीसी प्रो. अवधेश कुमार ने नेपाल यात्रा के अनुभव साझा किए। इस दौरान संकाय अध्यक्ष प्रो. रचना मुज्जू, प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला, प्रो. अवधेश कुमार, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. गीतिका टी. कपूर, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. आकृति जायसवाल, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. चंद्रकांत कुशवाह, डॉ. ऋषि कांत आदि मौजूद रहे। (संवाद)

बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में सीधे प्रवेश दे रहा लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में खाली सीटें भरने के लिए अभ्यर्थियों को सीधे प्रवेश देने जा रहा है। प्रवेश के लिए वही अभ्यर्थी योग्य होंगे जिन्होंने सत्र 2023-24 में लविवि की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया था। कॉलेजों को खाली सीटों पर सीधे प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अंतिम तिथि 20 अक्तूबर निर्धारित की गई है। इस अवधि में कॉलेज अपने छात्रों को सीधे प्रवेश दे सकते हैं। कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए।

एमएड में कल तक च्वॉइस फिलिंग : लविवि में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एमएड में च्वॉइस फिलिंग शुरू हो गई है। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर 15 अक्तूबर तक च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर च्वॉइस फिलिंग विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके लिए अभ्यर्थी को पूर्व में दिए गए लॉगइन व पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

बीएलएड, बीपीएड, एमपीएड में अब सीधे प्रवेश का मौका

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश लेने का मौका है। वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने प्रवेश परीक्षा के लिए पहले से ही ऑनलाइन आवेदन कर रखा हो। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। जिसके अनुसार 20 अक्टूबर तक कॉलेजों को प्रवेश लेना है। इसके बाद मौका नहीं दिया जाएगा।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि संबद्ध कॉलेजों में बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में सीटें खाली हैं। लिहाजा इन सीटों ने सीधे प्रवेश लेने का निर्णय लिया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था वही इन खाली सीटों पर आवदेन करने के लिए पात्र होंगे।

बॉटनी में छूटे छात्रों का प्रैक्टिकल 26-27 को: एलयू ने संबद्ध कॉलेजों के उन छात्रों को एक और मौका दिया है जो बॉटनी के सम सेमेस्टर के प्रैक्टिकल में अनुपस्थित थे। ऐसे विद्यार्थियों का प्रैक्टिकल 26-27 अक्टूबर को होगा। प्रैक्टिकल की फीस रसीद 20 अक्टूबर तक उपलब्ध करानी होगी।

एलयू में भारत लैब सर्वेक्षण रिपोर्ट लांच

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को रीडिफ्यूजन के दिव्यांशु भदौरिया के साथ युवाओं के समय बिताने की आदतों पर एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनावरण किया। रीडिफ्यूजन और एलयू ने मिलकर भारत लैब की स्थापना की है। इसका उद्देश्य भारत की जनता के सांस्कृतिक और उपभोक्ता दृष्टिकोण को समझना है। रीडिफ्यूजन और लखनऊ विश्वविद्यालय की संयुक्त पहल है भारत लैब। इस दौरान दिव्यांशु ने व्यापार प्रशासन विभाग में स्थापित भारत लैब का दौरा भी किया। रिपोर्ट अनावरण के समय डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू उपस्थित रहीं।

सुपर-30 में तैयारी निशुल्क: कुलपति

लखनऊ। एलयू में शुक्रवार को एमकॉम और एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए संवाद सत्र का आयोजन हुआ। एपी सेन सभागार में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय रहे। उन्होंने सुपर-30 के लोगो को लांच किया। भारत लैब की 'टाइम किल एंड टाइम फिल' नामक स्टडी से प्रेरित होने को कहा। कहा कि सुपर-30 में नेट या जेआरएफ की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

एमएड में 15 तक कर सकेंगे च्वाइस फिलिंग

लखनऊ। एलयू में परास्नातक प्रवेश 2023-24 के तहत एमएड पाठ्यक्रम में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर 15 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि च्वाइस फिलिंग करने के लिए अभ्यर्थी अपने पूर्व में दिए गए लागिन आईडी व पासवर्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर च्वाइस फिलिंग विकल्प पर क्लिक करना होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रीडिफ्यूजन के मुख्य रणनीतिक अधिकारी दिव्यांशु भदौरिया के समक्ष उ0 के युवाओं के समय बिताने की आदतों पर सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनावरण किया ● सौजन्य से लवि

कुलपति ने किया सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनावरण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को रीडिफ्यूजन के मुख्य रणनीतिक अधिकारी दिव्यांशु भदौरिया के समक्ष उत्तर प्रदेश के युवाओं के समय बिताने की आदतों पर एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनावरण किया। इस अध्ययन में यह देखा गया कि है कि भारत के युवा अपना समय कैसे बिताते हैं और उनके घंटों को कैसे भरते हैं। रीडिफ्यूजन और लखनऊ विश्वविद्यालय ने मिलकर 'भारत लैब' की स्थापना की है। इसका उद्देश्य भारत की जनता के सांस्कृतिक और उपभोक्ता दृष्टिकोण को समझना है। बीते जुलाई में एक सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश के युवा के समय बिताने की आदतों पर किया गया था। मुख्य रणनीतिक अधिकारी दिव्यांशु ने भी त्योहारों के मौसम में टियर-टू और थ्री शहरों की खर्च करने की आदतों को समझने पर किए जाने वाले आगामी सर्वेक्षण के संदर्भ में व्यापार प्रशासन विभाग में स्थापित 'भारत लैब' का दौरा किया। साथ ही यहां के लोगों के साथ संवाद भी किया। इस सर्वेक्षण में टियर-टू और थ्री शहरों पर जोर दिया जाएगा, जिसमें विभाग के एम.बी.ए छात्र और शोधकर्ता सामूहिक रूप से काम करेंगे।

सुपर 30 का लोगो लांच, कक्षाएं आज से

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से शुक्रवार को एपी सेन हाल में एम.काम. व एम.बी.ए. (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) के विद्यार्थियों का कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के साथ संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के नेट/जेआरएफ की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान के लिए 'सुपर 30' के लोगो का अनावरण भी किया। इसकी कक्षाएं शनिवार को दोपहर दो बजे से शुरू होंगी।

कुलपति ने एम.काम. व एम.बी.ए. (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) के छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान उनके मुद्दों और पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर बात की। कहा कि नवाचार उद्यमशीलता ही सफलता की कुंजी है। कुलपति ने छात्रों से संगठनात्मक संवर्धन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए कहा। साथ ही उनके पूछे

- एम.काम. और एम.बी.ए. (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) के छात्रों संग संवाद सत्र हुआ

समय सारिणी जारी

वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने बताया कि सुपर 30 कक्षाओं के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। कक्षाएं दोपहर दो से तीन और तीन से चार बजे तक होंगी।

गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम मिलन, एम.बी.ए. (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) कोर्स के निदेशक प्रो.अवधेश कुमार, वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर रचना मुज्जू, वरिष्ठ शिक्षक प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला, डा. सुनीता श्रीवास्तव, डा. गीतिका टी. कपूर, डा. ज्ञान प्रकाश, डा. आकृति जायसवाल, डा. प्रशांत सिंह व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वी.एल.एड, बी.पी.एड, एम.पी. एड में सीधे प्रवेश

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने डिग्री कालेजों की बी.एल.एड, बी.पी.एड व एम.पी.एड पाठ्यक्रम की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश का मौका दिया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इन सीटों वही अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं जिन्होंने लवि की प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन किया था। दाखिले के लिए कालेजों को 20 अक्टूबर तक अनुमति दी गई है।



लवि में आज रहेगी छुट्टी

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर शनिवार को पितृ विसर्जन अमावस्या पर अवकाश घोषित किया गया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसका आदेश जारी कर दिया।

साक्षात्कार 18 को

लखनऊ: लवि में पार्टटाइम एम.टेक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए साक्षात्कार 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से होगा। अभ्यर्थियों को इंजीनियरिंग संकाय में निर्धारित समय पर पहुंचना होगा। प्रवेश समन्वयक की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। (जासं)

चैलेंज मूल्यांकन में बदले अंक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए तीसरे, पांचवें और बी.एस.सी तीसरे सेमेस्टर के कुछ छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम के अंकों में बदलाव हुआ है। इन सभी ने विषम सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को चैलेंज किया था, जिसके बाद कापी जांची गई तो नए अंक दिए गए। (जासं)

समय सारिणी जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की ओर से बी.एस.सी प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर के को-करिकुलर कोर्सों की कक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी गई है। इसी आधार पर कक्षाओं का संचालन होगा। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

नवाचार उद्यमशीलता की सफलता की कुंजी : वीसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यक्रम

- वाणिज्य विभाग के छात्रों के साथ कुलपति ने किया संवाद, सुपर 30 के लोगो का किया विमोचन
- सुपर 30 में नेट/जेआरएफ की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को दी जाती है निःशुल्क शिक्षा

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि नवाचार उद्यमशीलता की सफलता की कुंजी है। संस्थागत शासन में समग्र विकास और छात्र प्रतिनिधित्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों से संगठनात्मक संवर्धन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए कहा।

प्रोफेसर राय वाणिज्य विभाग की ओर से एमकॉम और एमबीए फाइनेंस एवं एकाउंटिंग के विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र के दौरान कही। कुलपति ने 'सुपर 30' लोगो का विमोचन किया। सुपर 30 में नेट/जेआरएफ की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

बातचीत सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम मिलन, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. गीतिका टी कपूर, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. आकृति जायसवाल, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. चंद्रकांत कुशवाह आदि मौजूद रहे।

बीपीईएलईडी, बीपीईडी एमपीईडी में होंगे सीधे दाखिले

अमृत विचार , लखनऊ : बीपीईएलईडी, बीपीईडी और एमपीईडी में रिक्त सीटों पर सीधे दाखिला होगा। बता दें कि उक्त पाठ्यक्रमों में लविवि में सीटें रिक्त हैं। दाखिले के लिए छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आज जारी आदेश में 20 तक सीधे प्रवेश लेने का आदेश दिया है।

एलयू में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रतियोगिता में देशभर से 40 टीमें हिस्सा ले रहीं

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय में चतुर्थ राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधि आयोग के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यभान पांडेय भारत के असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल विशिष्ट अतिथि रहे। न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम की आभा बढ़ाते हुए उपस्थित सभी लोगों तथा प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने प्राचीनकाल से लेकर स्वतंत्रोत्तर युग तक के कानूनी इतिहास और उसके विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने अदालतों में लंबित मामलों को निपटाने में वैकल्पिक विवाद समाधान के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने अदालत में लंबित मामलों और समाज के गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए सुझाव भी दिए। इस अवसर पर विष्ठ अधिवक्ता व पूर्व छात्र लविवि सूर्यभान पांडेय ने छात्रों को समय की पाबंदी, दृढ़ता और पूर्णता के महत्व की याद दिलाते हुए कहा कि कानूनी परिदृश्य में पिछले कुछ वर्षों में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है और विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह, डीन विधि संकाय ने विचार-विमर्श के महत्व और यह कैसे कानूनी कौशल को बढ़ाने में मदद करता है उसके बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भागीदारी जीत से अधिक मायने रखती है। उन्होंने विचार-विमर्श के कई फायदों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह छात्रों के बीच नेटवर्क स्थापित करने और उत्कृष्टता की पारस्परिक सीख के लिए विचारों के आदान-प्रदान का अच्छा अवसर है। लविवि मूट कोर्ट एसोसिएशन के शिक्षक समन्वयक डॉ.राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि मूटिंग एक भावी वकील के सर्वांगीण विकास में मदद करता है, जो उन्हें कानूनी परिदृश्य से परे भी मदद करता है। उन्होंने के सभी गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कहा कि मूट कोर्ट किसी भी लॉ विश्वविद्यालय,कालेज का एक अभिन्न अंग बन गया है। जिसको बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा भी मान्यता दी गई है। यह शिक्षार्थियों के बीच तर्क-वितर्क, प्रति-तर्क, टीम वर्क सहयोग अभिव्यक्ति के कौशल के सर्वांगीण विकास में सुविधा प्रदान करता है। उद्घाटन समारोह में विधि विभाग के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में देशभर से 40 टीमें भाग ले रही हैं जो राजस्थान, कर्नाटक, गोवा छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे प्रदेशो से आये हैं। ये प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हुई और इसका समापन 15 अक्टूबर को होगा।

कुलपति ने संवाद सत्र में नई शिक्षा नीति पर की चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों का कुलपति के साथ संवाद सत्र में छात्रों के मुद्दों और पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के द्वारा उत्साहवर्धक स्वागत भाषण के साथ की गई। जिसमें कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों को आत्मअनुशासित, स्वयं प्रेरित और स्वयं संवेदनशील होने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके उपरान्त सत्र को प्रो.अवधेश कुमार, निदेशक (एमबीए एफ एंड ए और डीन, सीडीसी)ने संबोधित किया। प्रो.अवधेश ने कुलपति की सराहना और आभार व्यक्त किया तथा कुलपति के साथ अपनी नेपाल यात्रा के कुछ अनुभव साझा किए। इसके बाद उन्होंने बी और सी श्रेणी के शहरों के नियोजित विकास में मदद के लिए भारत लैब की स्थापना के लिए कुलपति के भविष्यात्मक दृष्टिकोण की एक झलक दी। इस कार्यक्रम को कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने और भी बेहतरीन दिशा देकर संबोधित किया। साथ ही सुपर 30 के लोगों का विमोचन भी किया। सुपर 30 में नेट, जेआरएफ की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने दर्शकों को संक्षेप में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए कहा। सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। इस द्विपक्षीय बातचीत में एमबीए के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी सफल औद्योगिक दौर के अनुभवों, विभिन्न प्रोफेसरों और परास्नातक विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक व व्यावहारिक विचारों को भी साझा किया। इसी बीच कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने गीरव स्थल पर एक समूह फोटो सत्र भी किया। कार्यक्रम का समापन फैकल्टी ऑफ कामर्स की अधिष्ठता प्रो.रचना मुज्जू द्वारा धन्यवाद देकर किया गया। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ शिक्षकों में प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला, प्रो.अवधेश कुमार, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. गीतिका टी. कपूर, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ.आकृति जायसवाल, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ.चंद्रकांत कुशवाह, डा. ऋषि कांत, व अन्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

भारत लैब : रीडिफ्यूजन व एलयू की संयुक्त पहल

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। रीडिफ्यूजन और लखनऊ विश्वविद्यालय ने मिलकर भारत लैब की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य भारत की जनता के सांस्कृतिक और उपभोक्ता दृष्टिकोण को समझना है। जो भारत की टियर 2 और 3 शहरों व हिंटरलैंड गांवों से उपभोक्ताओं को ट्रैक करने के लिए एक बेहतर प्रयास है। ज्ञातव्य हो कि जुलाई महीने में एक सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश के युवा के समय बिताने की आदतों पर किया गया था। इसी क्रम में लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को दिव्यांशु भदौरिया मुख्य रणनीतिक अधिकारी, रीडिफ्यूजन के समक्ष उत्तर प्रदेश के युवाओं के समय बिताने की आदतों पर एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनावरण किया। इस अध्ययन में यह देखा गया है कि भारत के युवा अपना समय कैसे बिताते हैं और उनके घंटों को कैसे भरते हैं। रीडिफ्यूजन और लखनऊ विश्वविद्यालय ने मिलकर 'भारत लैब' की स्थापना की है। इसका उद्देश्य भारत की जनता के सांस्कृतिक और उपभोक्ता दृष्टिकोण को समझना है। बीते जुलाई में एक सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश के युवा के समय बिताने की आदतों पर किया गया था। मुख्य रणनीतिक अधिकारी दिव्यांशु ने भी त्योहारों के मौसम में टियर-टू और थ्री शहरों की खर्च करने की आदतों को समझने पर किए जाने वाले आगामी सर्वेक्षण के संदर्भ में व्यापार प्रशासन विभाग में स्थापित 'भारत लैब' का दौरा किया। साथ ही यहां के लोगों के साथ संवाद भी किया। इस सर्वेक्षण में टियर-टू और थ्री शहरों पर जोर दिया जाएगा, जिसमें विभाग के एम.बी.ए छात्र और शोधकर्ता सामूहिक रूप से काम करेंगे। रीडिफ्यूजन और लविवि के बीच यह सहयोग भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह पहल गहरे बाजारों और हिंटरलैंड गांवों की ऊर्जा को समझने की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे भारतीय समाज को एक समृद्ध भविष्य की ओर मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

एसएमपीएस लिटिल किंग्स, एसडब्लूएस वारियर्स, बाल निकुंज व फाइव फाइटर्स अगले दौर में

लखनऊ ।लखनऊ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को नजारा एकदम बदला हुआ था जहां के कवर्ड एरिया के अंदर बनी पिच पर स्कूल प्रीमियर क्रिकेट लीग (एसपीएल)-2023के मुकाबलों का आयोजन वाक्स क्रिकेट लीग के तौर पर किया जा रहा है।लखनऊविश्वविद्यालय के शिवाजी मैदान पर खेली जा रही लीग के मुकाबलो में दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इसमें एसएमपीएस लिटिल किंग्स, एसडब्लूएस वारियर्स, बाल निकुंज और फाइव फाइटर्स ने जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। इससे एक दिन पूर्व गुरुवार को विभिन्नटीमों के खिलाड़ियों के बीच क्वालीफाइंग मैच कराए गए थे। फिट एक्स इंडिया आइकन के तत्वावधान में आयोजित लीग का पहला मैच फाइव फाइटर्स बनाम बीएनईएस थंडर्स के बीच खेला गया जिसे फाइव फाइटर्स ने 49 रन से जीता। फाइव फाइटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 76 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बीएनईएस थंडर्स लक्ष्य का पीछा करते हुए 27 रन ही बना सकी। फाइव फाइटर्स की जीत में लवकुश ने दो विकेट लिए। बीएनईएस थंडर्स के विशेष ने लगातार दो छक्के मारे लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

NBT PAGE 2

'भागीदारी जीत से अधिक मायने रखती है'

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** विचार-विमर्श महत्वपूर्ण होता है। इससे कानूनी कौशल को बढ़ाने में मदद मिलती है। भागीदारी जीत से अधिक मायने रखती है। विचार-विमर्श से स्टूडेंट्स के बीच अच्छा नेटवर्क स्थापित होता है। यह बातें एलयू न्यू कैंपस में विधि संकाय में चौथी राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर विधि संकाय के डीन प्रो.बंशीधर सिंह ने शुक्रवार को कहीं।

इस मौके पर सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव प्राचीन काल से लेकर स्वतंत्रोत्तर युग तक के कानूनी इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अदालतों में लंबित मामलों को निपटाने में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के महत्व को भी रेखांकित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य भान पांडे ने स्टूडेंट्स को समय की पाबंदी, दृढ़ता और पूर्णता के महत्व के बारे में बताया। एलयू मूट कोर्ट असोसिएशन के शिक्षक समन्वयक डॉ.राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि मूटिंग एक भावी वकील के सर्वांगीण विकास में मदद करता है। यह प्रतियोगिता में राजस्थान, कर्नाटक, गोवा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा समेत देश पर से 40 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

एलयू न्यू कैंपस में विधि संकाय में चौथी राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता

बीएलएड, बीपीएड, एमपीएड में सीधे प्रवेश का मौका

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** एलयू से सम्बद्ध कॉलेजों में बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड में सीधे प्रवेश लेने का निर्णय लिया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, वही इन खाली सीटों पर आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। 20 अक्टूबर तक कॉलेजों को इन सीटों पर प्रवेश लेना है। इसके बाद मौका नहीं दिया जाएगा।

एमएड पाठ्यक्रम में 15 तक कर सकेंगे चॉइस फिलिंग : एलयू से सम्बद्ध कॉलेजों के उन छात्रों को एक और मौका दिया है जो बॉटनी के सम सेमेस्टर के प्रैक्टिकल में अनुपस्थित थे। ऐसे स्टूडेंट्स का प्रैक्टिकल 26-27 अक्टूबर को होगा। प्रैक्टिकल की फीस रसीद 20 अक्टूबर तक उपलब्ध करवानी है।

नवाचार पर फोकस करें छात्र: नवाचार उद्यमशीलता की सफलता की कुंजी है। हमें नवाचार पर फोकस करना चाहिए। ये बातें एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने कहीं। वह एपी सेन सभागार में एमकॉम और एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग में प्रवेश लेने वाले नए स्टूडेंट्स के लिए हुए संवाद सत्र में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सुपर-30 का लोगो भी लॉन्च किया।

LOKSATYA PAGE 2

कुलपति का संवाद सत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से एमबीए व एमबीए के स्टूडेंट्स के साथ कुलपति प्रो. आलोक राय का संवाद सत्र हुआ। शुक्रवार को उन्होंने छात्रों के मुद्दों और पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के बारे में बातचीत की। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो राम मिलन ने विद्यार्थियों को आत्म-अनुशासित, स्वयं प्रेरित और स्वयं संवेदनशील होने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. अवधेश कुमार, निदेशक (एम.बी.ए. एफ एंड ए और डीन, सी.डी.सी.) ने संबोधित किया। उन्होंने 'बी' और 'सी' श्रेणी के शहरों के नियोजित विकास में मदद के लिए 'भारत लैब' की स्थापना के लिए कुलपति के भविष्यात्मक दृष्टिकोण की एक झलक दी। लोकसत्य